हरियाली तीज पर प्रदेश में 2 करोड़ से अधिक पौधारोपण का कीर्तिमान स्थापित

करौली(नि.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान अब जनअभियान बन गया है। यह अभियान उनका प्रकृति की सेवा करने एवं मां के प्रति सम्मान का भाव दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश में भी ''मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान'' प्रारम्भ कर इस वर्ष 7 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। हरियाली तीज के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाये एवं उसकी देखभाल भी करे।

मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को करौली जिले के सपोटरा में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए सघन वृक्षारोपण के तहत सम्पूर्ण राजस्थान में 75वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव मनाया गया है। इस अभियान की सफलता से विकसित राजस्थान का सपना भी साकार होगा।

सपोटरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण करते मुख्यमंत्री।

उन्होने कहा कि पेपर लीक से किसान के बेटे और युवाओं के सपनों को रौंदने वालों के खिलाफ हमारी सरकार निरंतर सख्त कार्रवाई कर रही है। हमारी सरकार इस वर्ष 1 लाख पदों पर भर्तियां करेगी वहीं 5 वर्ष में 4 लाख नौकरियां युवाओं को देगी, जिससे युवा अपने परिवार का सहारा बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किसानों को 6 हजार रुपये की पीएम किसान सम्मान निधि दी जा रही है। हमारी सरकार ने भी अपना वादा पूरा करते हुए किसान सम्मान निधि में 2 हजार की बढ़ोतरी की है।

पहली किश्त के रूप में 1 हजार रुपये सीधे किसानों के खातों में जमा कराए गए हैं। गेहूं पर मिलने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी बढ़ाया गया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि को बढ़ाकर 1150 रुपये किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में सपोटरा क्षेत्र के विकास के लिए अनेकों सौगातें दी गई हैं।

विकास कार्यों के तहत सलेमपुर से बालोती-डाबरा-शेखपुरा-गोठरा-बरवासन देवी-नरौली-कैलादेवी सड़क मय हाईलेवल ब्रिज का निर्माण, चैड़ागांव-जोडली-पहाड़पुरा-बूकना-निशाना-कालागुडा सड़क का निर्माण, करसाई से बरिंया सड़क का चैड़ाईकरण, कैलादेवी आस्थाधाम के बाईपास का चैड़ाईकरण, मिसिंग लिंक ग्रामीण बाईपास रोड लेदिया मोड गैरई रोड-गोकलपुर मोड सपोटरा रोड-बालाजी घाटी गंगापुर रोड एनएच 23 तक का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। उन्होने कहा कि क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करते हुए सपोटरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत, उप जिला अस्पताल मंडरायल में भवन निर्माण कार्य, कुडगांव पशु चिकित्सालय का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, विभिन्न विद्यालयों में मरम्मत सहित नवीन भवन निर्माण के कार्य करवाये जाएंगे। साथ ही, कुडगांव में 132 केवी जीएसएस का निर्माण, सपोटरा में बस स्टैंड संबंधी विकास कार्य भी करवाया जाएगा।

इससे पूर्व गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर प्रदेशभर में सघन वृक्षारोपण किया गया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 8हजार रूपए किए जाने गेहूं की एमएसपी में बढ़ोतरी करने सहित कई नीतिगत निर्णय लागू किए हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधारोपण के लिए विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नारेश्वर मंदिर में दर्शन किए एवं परिसर में पौधारोपण किया।

कार्यवाही की मांग की

भरतपुर (निस)। नगर निगम के जिला परियोजना अधिकारी ने मथुरा गेट थाना अधिकारी को पत्र लिखकर अपने साथ हुई मारपीट के मामले में कार्यवाही की मांग की है। पत्र में पीडित जिला परियोजना अधिकारी गणेश राम मीणा पुत्र बृजलाल मीना ने बताया है कि वह वर्तमान में जिला परियोजना अधिकारी के पद पर कार्यरत है। उसका कार्य वर्तमान में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई के कार्यों की जांच कर कार्यवाही करने का है। इसी सिलसिले में वह श्री अन्नपूर्णा रसोई कुम्हेर गेट की जांच करने गया था। जिसका संचालन प्रवेन्द्र द्वारा किया जा रहा है। इस रसोई की जांच में फर्जी कूपन काटकर फर्जीवाडा किए जाने का मामला पाया गया था। जिसकी संबंधित विभाग को रिपोर्ट दे दी गई थी। गुरूवार को वह हीरादास रैन बसेरा पर जांच करने के लिए जा रहा था। तो रास्ते में करीब दोपहर सवा दो बजे के आस पास आर के मार्बलस के सामने स्टार न्यूरो ट्रोमा सेन्टर के सामने भरतपुर पर उसे श्री अन्नपूर्णा रसोई संचालक प्रवेन्द्र व उसके पिता ने रोक लिया व उनके साथ साथ दो तीन और भी आदमी थे। उन्होनें मां बहन की गालियां दी तथा जाति सूचक शब्द कहे और धमकी दी कि तू ज्यादा अफसर बन रहा है। तू हमारी अन्नपूर्णा रसोई की शिकायत करता है। तुझे जान से मार देंगे। जब उनको रोका कि गालियां क्यों दे रहे हो। तो उन लोगों ने एक राय होकर हमला कर दिया।

युवा कांग्रेस ने रैली निकाल कर किया प्रदर्शन

करौली(नि.स.)। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने गुरुवार को सर्किट हाउस से कलेक्ट्रेट के सामने सिटी पार्क तक रैली निकालकर धरना प्रदर्शन किया इस दौरान अघोषित बिजली कटौती रोकने, बिजली पर सरचार्ज कम करने,गांव बचाओ-पहाड़ बचाओ सहित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

प्रदे'ा कांग्रेस कमेटी के सचिव भूपेंद्र भारद्वाज,युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष खेमसिंह मीना ने बताया कि प्रदेश में सभी जगह अघोषित बिजली कटौती चल रही है। जिसके कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में अघोषित बिजली कटौती के चलते कई क्षेत्रों में सर्प और अन्य दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार पर बिजली सरचार्ज और स्थाई शुल्क बढ़ाने के भी आरोप लगाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था भी बदहाल है जिसके चलते आमजन सुरक्षित नहीं है। विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया गया था लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ जिसके चलते यूथ कांग्रेस द्वारा सर्किट हाउस से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर धरना प्रदर्शन किया गया धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपकर अघोषित बिजली कटौती रोकने,बिजली सरचार्ज और स्थाई शुल्क कम करने और आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

प्रभारी सचिव ने की जिला स्तरीय अधिकारिओं बैठक

गंगापुर सिटी । एचसीएम रीपा के अतिरिक्त महानिदेशक एवं गंगापुर सिटी के प्रभारी सचिव महेन्द्र सोनी की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत समिति के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी सचिव ने संकल्प पत्र, बजट घोषणा 2.024-25, मुख्यमन्त्री वृक्षारोपण महाअभियान, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में जिले की प्रगति की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। प्रभारी सचिव ने जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रामकेश मीना से जिले में पेयजल आपूर्ति, हैंडपम्प रिपेयर, मंडरायल इनटेक वेल में पम्प इंस्टालेशन की वस्तुस्थिति, एफएचटीसी के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति एवं टेलएंड पर सुचारू जलापूर्ति का विस्तृत ब्यौरा प्राप्त किया और उक्त से सम्बंधित सभी आवश्यक कार्यवाही तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही बजट घोषण के तहत् घोषित चम्बल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना के सम्बंधित उचित डीपीआर तैयार कर तकनीकी स्वीकृति हेतु सक्षम स्तर को भिजवाने के आदेश सम्बंधित अधिकारिओं को दिए, जिससे उक्त परियोजना से सम्बंधित कार्यों को समय पर शुरू किया जा सके। वहीं जल जीवन मिशन एवं अमृत 2.० परियोजना की जिले में क्रियान्विति के दौरान जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग के संवेदकों से क्षतिग्रस्त हुई सडकों को निर्धारित मानकों के अनुसार शीघ्र मरम्मत करवाने के निर्देश भी अधीक्षण अभियन्ता को प्रदान किये।

पंचायत समिति सभागार में अधिकारियो की बैठक लेते जिला सचिव ।

प्रभारी सचिव ने जनसुनवाई की

डीग (निस)। प्रभारी सचिव डीग वी सरवन कुमार ने गुरुवार को कुम्हेर में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई की और आमजन के अभाव अभियोग सुन संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त भरतपुर सांवरमल वर्मा और जिला कलेक्टर डीग श्रुति भारद्वाज ने भी परिवादियों को सुना और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

सरवन कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं के समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत माह के द्वितीय गुरुवार को जिले की समस्त ब्लॉक मुख्यालय पर उपखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत आयोजित हुई।

दो दिवसीय एक विशाल प्रदर्शनी का आयोजन

भरतपुर (निस)। जेसीआई भरतपुर सखी द्वारा 14, 15 अगस्त को दो दिवसीय एक विशाल प्रदर्शनी फैशन फेयर का आयोजन होटल ग्रांड सीपी में किया जा रहा है। जेसीआई भरतपुर सखी अध्यक्ष हिमानी खुराना, पास्ट प्रेसिडेंट प्रीति महेश्वरी, अलीना गोयल, शैली गर्ग, बबीता शर्मा ने बताया कि महिला सशक्तिकरण की पहल करते हुए और महिला उद्यिमयों के विकास के लिए यह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है।

यह प्रदर्शनी रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में होटल ग्रांड सीपी में 14 और 15 अगस्त को सुबह 11 से शाम 7 बजे तक लगाई जाएगी। इसमें महिला उद्यिमयों द्वारा कुल 22 दुकान लगाई जा रही है। इनमें राखी अलग-अलग परिधान जैसे डांडिया ड्रेस, राजपूताना पोशाक, सूट, साड़ी वेस्टर्न ड्रेस, ज्वेलरी, ठाकुर जी की पोशाक, फुटवियर्स, परफ्यूम, गिफ्ट हैंपर होम डेकोरेशन आदि की दुकानें शामिल हैं। इसी के साथ सभी के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए गेम जॉन, खाने-पीने की विभिन्न दुकान जैसे फास्ट फूड और चार्ट कॉर्नर भी लगाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा हंसिका गुर्जर करेगी। उद्घाटन समारोह की विशिष्ट अतिथि गायनी की वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर सत्येंद्र कौर निदेशक तारा महेंद्र हॉस्पिटल होगी। इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण महिला उद्यिमयों द्वारा लगाई गई दुकान ही रहेगी। इसके अलावा लकी ड्रा के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों के लिए अलग-अलग कंपटीशन भी रखे गए हैं।

पौधारोपण किया

भरतपुर (निस)। विप्र फाउन्डेशन द्वारा पौधारोपण का कार्य किया गया। जिला महामंत्री विपुल शर्मा ने बताया कि हरियाली तीज के शुभ अवसर पर विप्र फाउडन्ेशन के पुरूष व महिला कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया गया। शर्मा ने बताया कि तीज का त्यौहार खासतौर पर महिलाओं का त्यौहार होता है इसलिए इस त्यौहार पर महिला टीम को वृक्षारोपण कार्य में विशेष रूप से शामिल किया गया ताकि अन्य महिलाओं को भी वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया जा सके। प्रादेश अध्यक्ष युवा इन्दूशेखर शर्मा ने बताया कि विप्र फाउन्डेशन ने सम्पूर्ण देश में पेड लगाने के लिए एक मुहिम चला रखी है और सभी जिलों में अपने अपने स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य वहां की टीमें कर रही हैं। भरतपुर में भी 500 पेड लगाने का लक्ष्य रखा गया है उसमें सिर्फ पेडों को लगाने से ही मतलब नहीं है बल्कि उनकी देखभाल कर उनको बडा करना उद्देश्य है।

बरसात से बने गडढे में पलटा टेम्पू, सवारी घायल

गंगापुर सिटी । उपखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में इंद्रदेव पूरी तरह मेहरबान है। बुधवार रात से शुरू हुई बरसात का दौर गुरुवार सुबह 11 बजे तक जारी रहा। बारिश से सडकें भी क्षतिग्रस्त होने लगी है। ऐसे में पानी भरा होने से वाहन चालकों को गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं और वे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। गंगापुर-हिंडौन मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज स्थित रिद्धि-सिद्धि हॉस्पिटल के सामने सडक में गड्ढे होने के कारण गुरुवार सुबह एक ऑटो रिक्शा पलट गया। गनीमत यह रही कि बडा हादसा नहीं हुआ और ऑटो रिक्शा में सवार यात्रियों के मामूली खरोंच आई। गौरतलब है कि गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से मानसून पूरी तरह से सक्रिय है और लगातार प्रतिदिन रुक-रुककर बारिश का दौरा चल रहा है। बुधवार रात भर रुक-रुककर कभी धीमी गति से तो कभी तेज गति से बारिश हुई। इसके बाद लगातार चौथे दिन गुरुवार को भी आसमान में बादल छाए हुए थे। सुबह जब लोग जागे तो रिमझिम बारिश होती रही। रिमझिम बारिश का दौर सुबह 11 बजे तक चला। तहसील कानूनगो राजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि गंगापुर सिटी क्षेत्र में पिछले 24 घंटे में करीब 2 इंच (41 मिमी) बारिश हो चुकी है। गुरुवार सुबह 8 बजे 15 मिमी बारिश दर्ज की गई और क्षेत्र में अब तक 556 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। वहीं बारिश से तापमान में गिरावट आने से मौसम खुशनुमा बना हुआ है, साथ ही लोगों को गर्मी-उमस से राहत है तो वहीं किसान भी अच्छी बारिश से खुश है।

पांचना बांध से जल निकासी शुरू

करौली(नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय पर सावनी तीज पर दिन व रात भर झमाझम वर्षा होने से पॉचना बांध के तीन गेट खोलकर पानी कि निकासी शुरू कि।

करौली जिला मुख्यालय सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र मे बुधवार व रात्रि सहित गुरूवार को प्रातः तक लगातार कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश होने से शहर कि निचली बस्तियो मे पानी भर गया। वही कलेक्ट्रेट से वजीरपुर गेट, होली खिडकिया बाहर मेढकी व गणे'ा गेट बाहर सडक पर पानी जमा हो जाने से राहगीरो व वाहन चालको का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। वही रणगमा तलाब कि मोरी के ऊपर से होकर पानी निकलने के कारण शहर के कई ईलाके जलमग्न हो गये वही बारि'ा से तापमान मे काफी गिरावट आई और लोगो को गर्मी से निजात मिली। जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियन्ता सुशील गुप्ता ने बताया कि करौली जिले के पांचना बांध के गुरूवार को 3 गेट खोलकर जल निकासी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बांध के 2, 4 व 6 गेट को खोलकर पानी की निकासी की जा रही है बांध का पानी गंभीर नदी में खोला गया। उन्होंने बताया कि पांचना बांध से नदी में पानी छोडने की स्थिति में समस्त आमजन को सूचित किया जाता है कि गम्भीर नदी क्षेत्र के आसपास रहने वाले व्यक्तियों एवं आमजन किसी भी प्रकार का आवागमन नहीं करें तथा नदी के आसपास रहने वाले सभी आमजन से अपील कर उन्होंने कहा कि गम्भीर नदी क्षेत्र से दूर रहे ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि व पशुहानि से बचा जा सके। इस संदर्भ में सतर्क एवं सक्रिय रहें, छोटे बच्चों को भी नदी के आस पास नहीं आने दिया जाये। बारिश का मौसम अपनी चरम सीमाओं पर है जिसको देखते हुए नदी नाले ऊफान पर चल रहे हैं करौली की सबसे बड़ी नदी चंबल खतरे के निशान के करीब है तथा हाल ही में पांचना बांध के तीन गेट भी खोले जा चुके हैं जिससे गंभीर नदी में पानी के जलस्तर की आवक हो रही है जिसको देखते हुए आम जनता को जागरूक करने के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी के निर्देशानुसार सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की टीम तथा मण्डरायल तहसीलदार महेंद्र कुमार गुप्ता के साथ मण्डरायल व सपोटरा के चंबल नदी से सटे तटीय क्षेत्र में जाकर के जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके तहत स्कूल व गांव के लोगों को समझाया तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांगरा में जन जागरूकता अभियान के तहत बाढ़ से बचाव के संबंध में बताया गया जिसमें इंप्रोवाइज्ड मेथड के द्वारा लोगों को कैसे बचाया जा सकता है जिसमें घरेलू उपकरण जैसे पानी की खाली बोतल थर्माकोल और रस्सी केन आदि की मदद से डूबते हुए व्यक्ति को कैसे बचाया जा सकता है।

वभागीय अधिकारी सरकार के आंख नाक कानः जवाहर सिंह बेढम

धौलपुर। राज्य मंत्री गृह, गौ पालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग तथा जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार धौलपुर में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जहां उन्होंने विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं और कार्य योजनाओं पर विभागवार चर्चा की। प्रभारी मंत्री बेढम ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से बजट घोषणाओं पर अब तक हुई प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यां की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाये जाते समय व्यवहार्यता का ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य जो पूर्ण हो चुके हैं वे त्वरित ही लोकार्पित किये जायें और नए कार्य भी जो शुरू किये जाने की स्थिति में हैं उनके शिलान्यास की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी सरकार के आंख, नाक, कान की तरह हैं। इसीलिए उन्हें आमजन की समस्याओं का संज्ञान लेकर समाधान खोजने के प्रयास करने चाहिए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी विभाग राज्य सरकार की मंशा अनुरूप बजट घोषणाओं 2024-25 के त्वरित क्रियान्वयन के लिए अग्र सक्रिय ढंग से कार्य करें। उन्होंने जिले से संबंधित घोषणाओं की समीक्षा की और अब तक की प्रगति जानी। प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणाओं के मध्यनजर संबंधित विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी लेते हुए नियमित समीक्षा किए जाने के लिए कहा। उन्होंने प्रत्येक विभाग को समयबद्ध लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कलेक्ट्रेट सभागार धौलपुर में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने धौलपुर जिले में बजट घोषणा के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा की गई घोषणाओं की अब तक की प्रगति, जमीन आवंटन, शिलान्यास, वित्तीय स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति सहित अन्य कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। प्रभारी मंत्री ने बारिश के मौसम को देखते हुए पशुपालन विभाग को पशुओं का टीकाकरण पूर्ण करने एवं पशु एम्बुलेंस का समुचित संचालन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पशु एम्बुलेंस के हेल्पलाइन नंबर जारी कर जमीनी स्तर तक इनका प्रचार-प्रसार किया जाये, ताकि आपातकालीन स्थिति में पशुओं को समय पर उपचार प्रदान किया जा सके। उन्होंने नगर परिषद को शहर में जलभराव की समस्या के समाधान किए जाने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिला प्रभारी सचिव पी रमेश ने जिले में बाढ़ के प्रति तैयारियों, चम्बल एवं जिले के प्रमुख बांधों के जल स्तर के बारे में जानकारी ली। कहा कि स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा अवसंरचना एवं संसाधनों का कुशल एवं पूर्ण उपयोग कर आमजन को राहत पहुंचाए जाने के लिए कार्य करे। सभी चिकित्सा संस्थानों में स्वच्छता के बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किए जायें। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता जेवीवीएनएल से विद्युत विभाग के मौजूदा कार्यों, विद्युत आपूर्ति आदि पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विद्युत एवं जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को अवैध कनेक्शन के विरूद्ध व्यापक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पीएचईडी पेयजल की नियमित सैंपलिंग कराये।

बैठक में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने राज्य सरकार द्वारा बजट 2024-25 में धौलपुर जिले से संबंधित घोषणाओं के बारे में प्रभारी मंत्री के साथ जानकारी साझा की।

सार-समाचार

प्रभारी सचिव ने निरीक्षण किया

गंगापुर सिटी । एचसीएम रीपा के अतिरिक्त महानिदेशक एवं गंगापुर सिटी के प्रभारी सचिव महेन्द्र सोनी ने पंचायत समिति गंगापुर सिटी एवं डीओआईटीसी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। प्रभारी सचिव ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के उपनिदेशक मनोज मीना से इ-फाईलिंग के सम्बन्ध विस्तृत ब्यौरा प्राप्त किया और प्रभावी मॉनिटरिंग के माध्यम से शत प्रतिशत कार्य राजकाज पर इ-फाईलिंग के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही इ-फाईलिंग के डिस्पोजल टाइम को भी निर्धारित मानकों के अनुरूप कम कराने के निर्देश दिए। पंचायत समिति गंगापुर सिटी के निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने विकास अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर को सभी अनुभागों में सुव्यवस्थित ढंग से राज्य सरकार की मंशा अनुरूप ग्राम पंचायतो के विकास कार्यों एवं विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं की सफल क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित समस्त पंचायत समिति स्टाफ उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई की

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने गुरूवार को ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में भुसावर उपखण्ड मुख्यालय पर भाग लेकर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा सम्बंधित विभागों के माध्यम से त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि जनसुनवाई को सभी अधिकारी गम्भीरता से लेकर प्रत्येक परिवादी को पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ प्रदान करें तथा समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पोर्टल, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली जनहित की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कर आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने जनसुनवाई में आये प्रत्येक परिवादी से रूबरू होकर समस्याओं को सुना तथा सम्बंधित विभागों से फीडबैक लेकर मौके पर ही समाधान कराया। जनसुनवाई में ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव, क्षितग्रस्त सड़कों की मरम्मत, विद्युत व्यवस्था से सम्बंधित परिवाद प्राप्त हुए। व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं का लाभ दिलाये जाने हेतु लोगों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गये। उपखण्ड अधिकारी सचिन यादव ने बताया कि जनसुनवाई में 20 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको दर्ज कर सम्बंधित विभागों से समाधान कराया गया।

गुरु-वन्दन कार्यक्रम का आयोजन

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) सुजाता चौहान की अध्यक्षता में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) राजस्थान के तत्वावधान में गुरु-वन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ दिनेश गुप्ता, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य ने कहा कि गुरु अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला होता है। बिना गुरु-ज्ञान के मुक्ति नहीं मिल सकती। योग्य गुरु मिलने पर ही लक्ष्य तय होता है। उन्होंने रामकृष्ण परमहंस, गुरु संदीपन, चाणक्य, द्रोणाचार्य आदि के उदाहरणों के माध्यम से गुरु के महत्त्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ मानवेंद्र चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु वह है जो शिष्य की आत्मा तक पहुँच जाए। इस अवसर पर प्रोफेसर मधु शर्मा, प्रोफेसर करुणा गौर, प्रोफेसर निशा गोयल, प्रोफेसर अंजू पाठक, प्रोफेसर लाला शंकर गयावाल प्रोफेसर कविता आचार्य, प्रोफेसर अलका गोयल, साधना शर्मा प्रोफेसर लक्ष्मी गुप्ता, प्रोफेसर रजनी वशिष्ठ, मानसिंह मीणा, डॉक्टर सरोज, दीप्ति अग्रवाल, जगदीश कुमार, डॉ. नटवर सिंह, जयराम, योगेंद्र सिंह, भारत भूषण, अंशु गुप्ता, निशांत सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

तिरंगा अभियान की समीक्षा की

करौली(नि.स.)। राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य विभाग राजस्थान सरकार एवं जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि बजट घोषणा 2024-25 को समयबद्ध पूर्ण करने एवं नियमित मॉनिटरिंग कर समस्त अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें जिससे राज्य सरकार के द्वारा जिले मे की गई घोषणाऐं समय पर पूर्ण हो सके। उन्होंने बैठक में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों के बारे में समीक्षा की एवं अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। जिला प्रभारी मंत्री गुरूवार को सर्किट हाउस में बजट घोषणा के संबंध में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होने जिले मे बजट घोषणाओं के अंतर्गत सानिवि द्वारा की गई घोषणाओं की अब तक की प्रगति, जमीन आवंटन, शिलान्यास, वित्तीय स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति सहित अन्य कार्यो को समय पर पूर्ण करने, नगर परिषद आयुक्त को बरसात के मौसम में नियमित साफ-सफाई करने, विद्युत विभाग के अधिकारी को बजट घोषणा को पूर्ण करने एवं 33 केवी के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने, सीमएचओं को चिकित्सा संबंधी घोषणाओं को समयबद्ध करने व जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी में नियमित साफ-सफाई करने, सानिवि के अधीक्षण अभियन्ता को हाईवे पर बरसात के मौसम में पानी की समुचित निकासी करने, बैठक में पूर्व में दिये गये निर्देशों की पालना करने, निर्माण संबंधी कार्यो का नियमित मॉनिटरिंग एवं गुणवत्ता ध्यान रखने सडक एवं हाईवे पर अवैध कटों को बंद करने, जिलेभर में हरियालों राजस्थान के तहत लगाये गये पौधों का सार-संभाल करना एवं समय-समय पर देखभाल करने के अधिकारीयो को निर्देश दिये।

दो दिवसीय समारोह का आगाज

करौली (नि.स.)। राजस्थान आदिवासी मीना महासभा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह की विधिवत शुभारंभ हो गया। जिसमें मुख्य अतिथि महवा विधायक राजेन्द्र मीना,बसेड़ी विधायक संजय जाटव,विशिष्ट अतिथि जलधारी मीना प्रधान करौली व समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रो रामेश्वर मूंडरी ने कि। प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार नारोली ने बताया कि समारोह में पुरूष सुड्डा दंगल एवं कन्हैया दंगल आयोजित किया जा रहा है इसमें प्रदेश पदाधिकारी गोरेलाल गढ़ी,रामकेश सेवियापुरा,बदरी प्रसाद खेडीया, मोतीलाल फाजिलाबाद, कुंजीलाल मीणा, राम खिलाड़ी आगिर्री, रघुनाथ लेदिया,कल्याण लाल मीना, बनैसिह रानोली,बाबूसहाय मीना पूर्व प्राचार्य, रामजीलाल सरपंच लांगरा,मंच संचालन रूपसिंह पालनपुर प्रदेश महासचिव द्वारा किया गया।

पौधारोपण किया

भरतपुर (निस)। एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के तहत आरयूआईडीपी, भरतपुर द्वारा किला स्थित नेहरू पार्क में पौधारोपण किया।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित रहे कि मेरे अभिभाष्य मदन लाल पुत्र नन्द लाल निवासी नजदीक भगत सिंह सर्किल, ग्राम पोस्ट, सीकरी, तहसील नगर जिला भरतपुर का पुत्र प्रवीन और पुत्रवधू सुमन मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है और उनका आरण सही नहीं और मेरे अभिभाष्य को बहुत परेशान करते है इसलिए मेरा अभिभाष्य उन्हें अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति के अधिकारों से वंति करता है। मेरे अभिभाष्य का पुत्र प्रवीन और पुत्रवधु सुमन से कोई संबंध नहीं रहा है कोई भी व्यक्ति भविष्य में मेरे अभिभाष्य के पुत्र प्रवीन और पुत्रवधु सुमन से कोई लेनदेन या संव्यवहार एवं संबंध रखता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
स्थान-भरतपुर (तरूण खत्री) एडवोकेट
दिनांक-08.08.2024 मो.नं. 9785205502

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
प्लॉट संख्या 14-15, म